# RAMANUJAN COLLEGE LIBRARY

# February 2026

# NEWSPAPER CLIPPINGS

हिन्दुस्तान

9th Feb 2026

# डीयू लैब स्टाफ का यूजीसी पर धरने का ऐलान

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय एवं कॉलेज लैब (टेक्निकल) स्टाफ एसोसिएशन ने लंबित मांगों को लेकर 10 फरवरी को यूजीसी कार्यालय पर धरना देने की घोषणा की है। यह निर्णय 23 जनवरी को हुई एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक में लिया गया। संगठन ने कॉलेजों में टीए, एसटीए और टीओ के पद सृजन, कार्यभार के अनुसार स्टाफ बढ़ाने, लैब अटेंडेंट का वेतनमान 1800 से बढ़ाकर 1900 करने और डीपीसी के तहत पदोन्नति लागू करने की मांग की है।

हिन्दुस्तान

10th Feb 2026

# फैसला: दिल्ली यूनिवर्सिटी में भर्ती होंगे छह सौ सहायक प्राध्यापक

**हि जॉब्स**

12 कॉलेजों में नियुक्ति प्रक्रिया मार्च महीने से शुरू हो जाएगी

05 हजार से अधिक पदों पर पिछली बार हुई थी भर्तियां

अभिनव उपाध्याय

- डीन ऑफ कॉलेजेज ने कहा, भर्ती के लिए सभी तैयारियां पूरी
- दिल्ली सरकार की ओर से जारी किए जा रहे हैं सभी अनुदान

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की मदद से चल रहे दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 12 कॉलेजों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया मार्च, 2026 से शुरू होगी। इन कॉलेजों में छह सौ से ज्यादा पद रिक्त हैं।

डीयू के डीन ऑफ कॉलेज प्रोफेसर बलराम पाणि ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया 'को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। दिल्ली सरकार की ओर से भी हमें सकारात्मक जवाब मिला है।

**नियुक्ति, गवर्निंग बॉडी को लेकर था गतिरोध** : राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार के समय से ही डीयू और दिल्ली सरकार के बीच पूर्व में हुई नियुक्तियों, खर्च और गवर्निंग बॉडी को लेकर गतिरोध रहा है। लेकिन विगत कुछ माह से दिल्ली सरकार द्वारा इन कॉलेजों के रुके हुए धन और वेतन संबंधी अनुदान जारी हो रहा है।

इसलिए हुई देरी : डीयू के दिल्ली सरकार द्वारा वित्तपोषित कॉलेजकेएक प्रिंसिपल ने बताया कि पहले कॉलेज की गवर्निंग बॉडी की अनुमति से रिक्त पदों पर प्राध्यापकों की नियुक्ति हो जाती थी लेकिन पिछली सरकार में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए सरकार की मंजरी की व्यवस्था हुई जिसके बाद से नियुक्तियों में देरी और गतिरोध शुरू हुआ।

**इसलिए हुई देरी** : डीयू के दिल्ली सरकार द्वारा वित्तपोषित कॉलेजकेएक प्रिंसिपल ने बताया कि पहले कॉलेज की गवर्निंग बॉडी की अनुमति से रिक्त पदों पर प्राध्यापकों की नियुक्ति हो जाती थी लेकिन पिछली सरकार में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए सरकार की मंजरी की व्यवस्था हुई जिसके बाद से नियुक्तियों में देरी और गतिरोध शुरू हुआ।

**लंबे समय से तदर्थ - अतिथि शिक्षक संभाल रहे जिम्मा** : उन्होंने बताया कि वर्तमान में रिक्त पदों पर नियुक्तियों के लिए दिल्ली सरकार के साथ विश्वविद्यालय के अधिकारियों की बैठक हुई है। ऐसी संभावना है यह प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी। डीयू में जब सभी कॉलेजों में पांच हजार से अधिक रिक्त पदों पर नियुक्तियां हो रही थी तब भी इन कॉलेजों में गतिरोध के कारण रिक्त पद नहीं भरे जा सके थे। ज्ञात हो कि डीयू के इन कॉलेजों में लंबे समय से रिक्त पदों पर तदर्थ शिक्षक या अतिथि शिक्षक पढ़ा रहे हैं।

**गवर्निंग बॉडी बनने की प्रक्रिया भी जल्द** : दिल्ली सरकार के 12 .कॉलेजों में गवर्निंग बॉडी को लेकर भी प्रक्रिया चल रही है। डीयू के एक अधिकारी ने बताया कि यह प्रक्रिया जल्द पूरी ही हो जाएगी। इन कॉलेजों की गवर्निंग बॉडी में डीयू और दिल्ली सरकार के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।